विद्यालय का नाम ....

द्वितीय परख

सत्र 2023–24

कक्षा – 6 **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक –**

सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

1. 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के रचयिता हैं?
   (अ) केदारनाथ अग्रवाल (ब) साहिर लुधियानवी
   (स) सुमित्रानंदन पंत (द) प्रेमचन्द ( )
2. मोहन के पेट में 'ऐसे – ऐसे' क्यों होने लगा?
   (अ) पढ़ाई के मारे (ब) डर के मारे
   (स) चोट के मारे (द) भूख के मारे ( )
3. राजप्पा को किस से चिढ़ हो गई थी?
   (अ) अलबम से (ब) नागराजन से
   (स) स्कूल से (द) टिकटों से ( )
4. बचपन में लक्ष्मीबाई किससे साथ खेलती थी?
   (अ) भाई के (ब) मित्रों के
   (स) नाना के (द) पिता के ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

1. अपना ....भी एक साथी है। (दुःख/कष्ट)
2. ऐसे – ऐसे कोई तो बड़ी ....है। (बीमारी/आफत)
3. इस एलबम को चुराने वाला ....है। (चोर/ बेशर्म)
4. कुटिया में थी विषम...। (वेदना/अपमान)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।

1. चट्टानों में रास्ता कौन बना देते हैं?
2. पिताजी के अनुसार मोहन ने क्या खाया था?
3. नागराजन को एलबम किसने भेजा था?
4. लक्ष्मीबाई का बचपन का नाम क्या था?
5. झाँसी का दीपक कब बुझ गया था?
6. सरपंच का लड़का राजप्पा से क्या लेना चाहता था?
7. मोहन के दर्द को लेकर माँ ने क्या सोचा?
8. मेहनत करने वालों की मंजिल क्या बताई गई है?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से अधिक पंक्तियों में लिखिए।

1. गीत में सीने और बाहों को फौलादी क्यों कहा गया है?
2. माँ मोहन के 'ऐसे–ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थी?
3. नागराजन के एलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई ?
4. सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती है?
5. विशेषण की परिभाषा लिखिए।
6. क्रिया की परिभाषा एवं उसके भेदों के नाम लिखिए।